पत्र संख्या : 26/विविध–06–03/2026– 3371 /

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

:: आदेश ::

17/6/26

श्री ब्रजधारी कुमार, संवेदक के अपील अभ्यावेदन पर आज दिनांक 05.06.2026 को सुनवाई की गयी। सुनवाई के दौरान संवेदक द्वारा समर्पित अपील अभ्यावेदन का अवलोकन किया गया। अवलोकनोपरांत यह पाया गया कि मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर परिक्षेत्राधीन बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, लालगंज के अधीन एकरारनामा संख्या–06SBD/2020-21 (एजेंडा संख्या–159/02/2020) की निविदा में संवेदक, श्री ब्रजधारी कुमार द्वारा निविदा के साथ वर्ष 2014–15 के टर्नओवर संबंधी फर्जी/जाली अभिलेख संलग्न कर निविदा प्राप्त करने के आरोप के लिए विभागीय आदेश संख्या–1816 दिनांक 06.04.2026 द्वारा 10 वर्षो के लिए कालीकृत किया गया।

2. उक्त कालीकृत आदेश के विरुद्ध संवेदक द्वारा समर्पित अभ्यावेदन पर सुनवाई की गयी। सुनवाई में संवेदक द्वारा निविदा के साथ संलग्न वर्ष 2014–15, 2015–16 एवं 2016–17 चार्टर्ड टर्नओवर उपलब्ध कराये बिना दंडादेश निर्गत करने को गलत बताया गया, जबकि संवेदक से प्राप्त अभ्योवदन के आलोक में विभागीय पत्रांक–1296 दिनांक 09.03.2026 द्वारा संवेदक को याचित अभिलेख CA Bimal Shatrudhan & Company Charted Accountant द्वारा समर्पित सत्यापन पत्र की छायाप्रति उपलब्ध करा दिया गया है। इसलिए संवेदक का यह कहना कि उनके द्वारा याचित अभिलेख उपलब्ध नहीं कराया गया है, उचित नहीं है।

3. वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय आदेश संख्या–1816 दिनांक 06.04.2026 को यथावत् रखते हुए संवेदक द्वारा समर्पित अपील अभ्यावेदन को अस्वीकृत कर निष्पादित किया जाता है।

05/06/26

(चन्द्रशेखर सिंह)

सरकार के सचिव

ज्ञापांक :– 26/विविध–06–03/2026 3371 पटना/दिनांक :17/6/26

प्रतिलिपिः– श्री ब्रजधारी कुमार, ग्राम+पो0–जमालपुर लालगंज, जिला–वैशाली, पिनकोड–844121 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26/विविध–06–03/2026 3371 पटना, दिनांक :17/6/26

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, जल संसाधन विभाग/पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26/विविध–06–03/2026 3371 पटना, दिनांक :17/6/26

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना/सभी अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग/सभी मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग/अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण यो0 एवं मो0, अंचल, पटना/अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0, अंचल–2,3,4, पटना/निदेशक, क्रय भंडार एवं सामग्री प्रबंधन, जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26/विविध–06–03/2026 3371 पटना, दिनांक :17/6/26

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर को पत्रांक–70 दिनांक–03.01.2026 के आलोक में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26/विविध–06–03/2026 3371 पटना, दिनांक :17/6/26

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, प्रभारी आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।